Title: Need to lay the Aligarh − Palwal − Alwar rail line for the development of Mewat region.

श्री अवतार सिंह भडाना (फरीदाबाद) : अध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र फरीदाबाद में मेवात के लोग बहुत लंबे अरसे से वाया मेवाल, अलीगढ़-पलवल-अलवर रेल लाइन बिछाने, पलवल स्टेशन को जंक्शन बनाने और ओल्ड फरीदाबाद क्रासिंग पर अंडरपास बनाने की मांग करते आ रहे हैं। करीब 25 साल पहले रहीमपुर ब्रिज के उद्घाटन के मौके पर स्व0 प्रधान मंत्री श्री मोराराजी देसाई ने, 1989 में श्री बंसीलाल जी ने और फिर 1997 में मेवात दौरे के दौरान नूह में श्री देवेगौड़ा जी ने जनता से इस रेल लाइन को बिछाने का वायदा किया था। इसके लिए 13 साल पहले सर्वे भी हुआ था। खुद मैंने 1991 में संसद में इस लाइन को बिछाने का मुद्दा उठाया था, परन्तु अभी तक यह लाइन नहीं बनी है। फरीदाबाद का मेवाल क्षेत्र दिल्ली के बेहद करीब होने के बावजूद बहुत ही पिछड़ा हुआ है। वहां ढंग की सड़के तक नहीं हैं। इस रेल लाइन के बिछाने से मेवात क्षेत्र का तेजी से आर्थिक विकास हो सकेगा।

अतः मेरा रेल मंत्री से, जो खुद पिछड़े इलाकों के विकास के पक्के हिमायती हैं, अनुरोध है कि वे मेवाती जनता की इन तीनों मांगों को पूरा करने के लिए रेल मंत्रालय को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दें।